Series HRK/1

SET-3

कोड नं.
Code No. **4/1/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# संकलित परीक्षा-II
# SUMMATIVE ASSESSMENT-II
# हिन्दी
# HINDI
# (पाठ्यक्रम ब )
# (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[ अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 90*

***सामान्य निर्देश:***

*(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं- **क, ख, ग** और **घ**।*

*(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*

[P.T.O.

WWW.TIWARIACADEMY.COM

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2×4=8

इस पृथ्वी पर
एक मनुष्य की तरह
मैं जीना चाहता हूँ
वे खत्म करना चाहते हैं
बैक्टेरिया की तरह
उनके तमाम हथकंडों के बावजूद
मैं नहीं मरता
उपेक्षा, भूख और तिरस्कार से लड़ते-झगड़ते
बढ़ गई है मेरी प्रतिरोधक सामर्थ्य
मैं मृत्यु से नहीं डरता
और अमरत्व में मेरा विश्वास नहीं
लेकिन मैं नहीं चाहता प्रतिदिन मरना
थोड़ा-थोड़ा
किंचित विनम्रता
किंचित अकड़
और मित्र हँसी के साथ
बेहतर सृष्टि के लिए
मैं एक पके फल की तरह टपकना चाहता हूँ
जिसे लपकने के लिए

झुक जाएँ एक साथ

असंख्य नन्हे-नन्हे हाथ

अधूरी लड़ाई बढ़ाने के लिए

फल के रस की तरह

मैं उनके रक्त में घुल जाना चाहता हूँ

मैं एक मनुष्य की तरह मरना चाहता हूँ।

(क) कवि की प्रतिरोध क्षमता कैसे बढ़ गई है? समझाइए।

(ख) कवि के 'हथकंडों' शब्द के प्रयोग का तात्पर्य क्या है?

(ग) 'मैं नहीं चाहता प्रतिदिन मरना'-का आशय समझाइए।

(घ) पके फल की तरह टपकने की चाह क्यों व्यक्त की गई है?

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- $2\times6=12$

पता नहीं क्यों, उनकी कोई नौकरी लंबी नहीं चलती थी। मगर इससे वह न तो परेशान होते, न आतंकित, और न ही कभी निराशा उनके दिमाग में आती। यह बात उनके दिमाग में आई कि उन्हें अब नौकरी के चक्कर में रहने की बजाय अपना काम शुरू करना चाहिए। नई ऊँचाई तक पहुँचने का उन्हें यही रास्ता दिखाई दिया। सत्य है, जो बड़ा सोचता है, वही एक दिन बड़ा करके भी दिखाता है और आज इसी सोच के कारण उनकी गिनती बड़े व्यक्तियों में होती है। हम अक्सर इंसान के छोटे-बड़े होने की बातें करते हैं, पर दरअसल इंसान की सोच ही उसे छोटा या बड़ा बनाती है। स्वेट मार्डेन अपनी पुस्तक *'बड़ी सोच का बड़ा कमाल'* में लिखते हैं कि यदि आप दरिद्रता की सोच को ही अपने मन में स्थान दिए रहेंगे, तो आप कभी धनी नहीं बन सकते, लेकिन यदि आप अपने मन में अच्छे विचारों को ही स्थान देंगे और दरिद्रता, नीचता आदि

कुविचारों की ओर से मुँह मोड़े रहेंगे और उनको अपने मन में कोई स्थान नहीं देंगे, तो आपकी उन्नति होती जाएगी और समृद्धि के भवन में आप आसानी से प्रवेश कर सकेंगे। 'भारतीय चिंतन में ऋषियों ने ईश्वर के संकल्प मात्र से सृष्टि रचना को स्वीकार किया है और यह संकेत दिया है कि व्यक्ति जैसा बनना चाहता है, वैसा बार-बार सोचे। व्यक्ति जैसा सोचता है, वह वैसा ही बन जाता है।' सफलता की ऊँचाइयों को छूने वाले व्यक्तियों का मानना है कि सफलता उनके मस्तिष्क से नहीं, अपितु उनकी सोच से निकलती है। व्यक्ति में सोच की एक ऐसी जादुई शक्ति है कि यदि वह उसका उचित प्रयोग करे, तो कहाँ से कहाँ पहुँच सकता है। इसलिए सदैव बड़ा सोचें, बड़ा सोचने से बड़ी उपलब्धियाँ हासिल होंगी, फायदे बड़े होंगे और देखते-देखते आप अपनी बड़ी सोच द्वारा बड़े आदमी बन जाएँगे। इसके लिए हैजलिट कहते हैं- महान सोच जब कार्यरूप में परिणत हो जाती है, तब वह महान कृति बन जाती है।

(क) गद्यांश में किस प्रकार के व्यक्ति के बारे में चर्चा की गई है। ऐसे व्यक्ति ऊँचाई तक पहुँचने का क्या उपाय अपनाते हैं?

(ख) गद्यांश में समृद्धि और उन्नति के लिए क्या सुझाव दिए गए हैं?

(ग) भारतीय विचारधारा में संकल्प और चिंतन का क्या महत्त्व है?

(घ) गद्यांश में किस जादुई शक्ति की बात की गई है? उसके क्या परिणाम हो सकते हैं?

(ङ) 'सफलता' और 'आतंकित' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग और प्रत्यय का उल्लेख कीजिए।

(च) गद्यांश से दो मुहावरे चुनकर उनका वाक्य प्रयोग कीजिए।

## खंड 'ख'

**3.** शब्द क्या है? वाक्य में प्रयुक्त होने पर शब्द को क्या कहते हैं? 1+1=2

4. निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए- 1×3=3

(i) चाय तैयार हुई, उसने वह प्याले में भरी, फिर वे प्याले हमारे सामने रख दिए। (मिश्र वाक्य में)

(ii) दरवाजा खुलने पर वह अंदर आ गया। (संयुक्त वाक्य में)

(iii) वह व्यक्ति बहुत बीमार था, जिसे मैंने आज देखा। (सरल वाक्य में)

5. (क) निम्नलिखित शब्दों का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए- 1+1=2

(i) अन्नजल

(ii) समाचार-वाचन

(ख) निम्नलिखित शब्दों का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए- 1+1=2

(i) गंगा का जल

(ii) चंद्र जैसा मुख

6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्धरूप में लिखिए- 1×4=4

(i) मैंने बहुत कोशिश करी।

(ii) वह अपना बात कहता ही रंहा।

(iii) आजकल ऐसे विद्यार्थी कम ही मिलते थे।

(iv) मेरे पास मात्र केवल दस रुपये हैं।

7. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए-

साँस थमना, दाँतों पसीना आना। 2

## खंड 'ग'

**8.** वज़ीर अली कौन था? उसके चरित्र की क्या विशेषताएँ हैं? अपने शब्दों में सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 5

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+2+1=5

(क) 'गिरगिट' कहानी में पुलिस और जनता के सम्बंधों को कैसे दिखाया गया है?

(ख) शुद्ध सोना और गिन्नी के सोने में क्या अंतर है?

(ग) काठगोदाम के पास भीड़ क्यों इकट्ठी हो गई थी?

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+2+1=5

खुद ऊपर चढ़ें और अपने साथ दूसरों को भी ऊपर ले चलें, यही महत्त्व की बात है। यह काम तो हमेशा आदर्शवादी लोगों ने ही किया है। समाज के पास अगर शाश्वत मूल्यों जैसा कुछ है तो आदर्शवादी लोगों का ही दिया हुआ है। व्यवहारवादी लोगों ने तो समाज को गिराया ही है।

(क) महत्त्व की बात क्या है और क्यों ?

(ख) शाश्वत मूल्य क्या हैं ? इन मूल्यों से समाज को क्या लाभ हैं?

(ग) समाज को पतन की ओर ले जाने वाले लोग कौन हैं?

**11.** (क) 'बिहारी के दोहे' के आधार पर लिखिए कि किन प्राणियों में स्वाभाविक वैर है? वे आपसी वैर कब और क्यों भूल जाते हैं? 2

(ख) 'मनुष्यता' कविता में कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा गया है और क्यों? 2

(ग) 'कर चले हम फिदा' कविता में धरती को दुलहन क्यों कहा गया है? 1

12. 'आत्मत्राण' शीर्षक का अर्थ बताते हुए उसकी सार्थकता, कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए। 5

13. 'सपनों के से दिन' पाठ में पीटी सर की किन चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख किया गया है? वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में स्वीकृत मान्यताओं और पाठ में वर्णित युक्तियों के संबंध में अपने विचार जीवन मूल्यों की दृष्टि से व्यक्त कीजिए। 5

## खंड 'घ'

14. विद्यालय में साहित्यिक क्लब के सचिव के रूप में 'प्राचीर' पत्रिका के लिए लेख, कविता, निबंध आदि विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत करने हेतु सूचना पट के लिए एक सूचना लगभग 30 शब्दों में लिखिए। 5

15. आए दिन बस चालकों की असावधानी के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए। 5

16. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए– 5

(क) अपनी भाषा प्यारी भाषा

- अपनी भाषा का परिचय
- प्यारी क्यों है?
- अन्य भाषाओं से मेल

(ख) स्वच्छता अभियान

- क्या है
- क्यों और कैसे
- सुझाव

(ग) लड़कियों की शिक्षा

- समाज में लड़कियों का स्थान
- शिक्षा की अनिवार्यता और बाधाएँ
- सबका सहयोग

**17.** गृहकार्य में शिथिलता देखकर पिता-पुत्र के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

**18.** अपने पिताजी की पुरानी कार की बिक्री हेतु विवरण देते हुए लगभग 25 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए। 5

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1/1, 4/1/2, 4/1/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक–विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड – 'क'** | |
| 1 | 1 (क) | 1 (क) | 2 (क) | • बड़ा / सकारात्मक सोच वाला व्यक्ति<br>• बड़ी सोच और मन में अच्छे विचार रखना | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • मन में अच्छे विचारों को स्थान देना<br>• सदैव बड़ा सोचना, बार–बार उसी के बारे में सोचना | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • संकल्प से किसी भी प्रकार की रचना (सृष्टि) संभव<br>• व्यक्ति जैसा सोचता है, वैसा ही बन जाता है। | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | • चिंतन / सोच की जादुई शक्ति<br>• सफलता की ऊँचाइयाँ / बड़ी से बड़ी उपलब्धि | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | • स – उपसर्ग<br>ता – प्रत्यय<br>• आ – उपसर्ग<br>इत – प्रत्यय<br>('आतंकित' शब्द में यदि विद्यार्थी केवल प्रत्यय भी लिखते हैं तो पूर्ण अंक दिए जाएँ।) | ½ +½ =1<br>½ +½ =1<br>2 |
| | (च) | (च) | (च) | (i) मुँह मोड़ना<br>(ii) ऊँचाइयाँ छूना<br>(उपयुक्त वाक्य पर पूर्ण अंक दिए जाएँ।) | ½ +½ =1<br>½ +½ =1<br>2<br>**12** |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1/1, 4/1/2, 4/1/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक-विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 2 | 2 (क) | 2 (क) | 1 (क) | • उपेक्षा, भूख और तिरस्कार से लड़ते-झगड़ते बढ़ गई है।<br>• इनसे वह शक्तिशाली, दृढ़संकल्पी हो गया है। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | मनुष्यता के शोषण / दमन के लिए अपनाए जाने वाले विभिन्न तौर-तरीके | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • अपमानित नहीं होना चाहता<br>• स्वाभिमान नहीं खोना चाहता | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | • अपने अनुभव और संघर्ष को नई पीढ़ी को सौंपना चाहता है। | 2<br>**8** |
| | | | | **खंड – 'ख'** | |
| 3 | 3 | – | – | ध्वनियों की स्वतंत्र, सार्थक इकाई शब्द कहलाती है।<br>उदाहरण – स्वतंत्रता (शब्द)<br>हमें स्वतंत्रता का मान रखना चाहिए। (पद) | 1+1=**2** |
| | – | 3 | – | ध्वनियों की सार्थक, स्वतंत्र इकाई शब्द कहलाती है और जब शब्द व्याकरणिक नियमों में बँधकर वाक्य में प्रयुक्त होता है, तब वह पद बन जाता है।<br>उदाहरण – पेड़ (शब्द)<br>पेड़ पर फल लगे हैं। (पद) | 1+1=**2** |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1/1, 4/1/2, 4/1/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक-विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | 3 | • ध्वनियों की स्वतंत्र एवं सार्थक इकाई<br>• पद | 1+1=**2** |
| 4 | 4 | – | – | | |
| | (i) | – | – | वह फल खरीदने बाज़ार गया और वहाँ से फल लेकर आ गया। | 1 |
| | (ii) | – | – | चाय पीने की यह एक विधि है जिसे जापानी में चा-नो-यू कहते हैं /<br>चाय पीने की जो यह एक विधि है जापानी में उसे चा-नो-यू कहते हैं। | 1 |
| | (iii) | – | – | भारतीय सैनिकों की कोई बराबरी नहीं कर सकता। | 1<br>**3** |
| | – | 4<br>(i) | – | चाय तैयार हुई और उसने वह प्यालों में भरी। | 1 |
| | – | (ii) | – | बाहर बेढब-सा मिट्टी का एक बरतन था जिसमें पानी भरा हुआ था /<br>बाहर जो बेढब-सा एक मिट्टी का बरतन था उसमें पानी भरा हुआ था। | 1 |
| | – | (iii) | – | अँगीठी सुलगाकर उस पर चायदानी रखी। | 1<br>**3** |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1/1, 4/1/2, 4/1/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक-विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | 4 | | |
| | – | – | (i) | जब चाय तैयार हुई तब उसने वह प्यालों में भरकर प्याले हमारे सामने रख दिए / जब चाय तैयार हुई तब उसने वह प्याले में भरकर हमारे सामने रख दी। | 1 |
| | – | – | (ii) | दरवाजा खुला और वह अंदर आ गया। | 1 |
| | – | – | (iii) | मैंने आज बहुत बीमार व्यक्ति को देखा। | 1 |
| | | | | | **3** |
| 5 | 5 | – | – | | |
| | (क) | – | – | | |
| | (i) | | | नीला है जो कमल – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | (ii) | | | घोड़े की साल / घोड़े के लिए शाला – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | (ख) | – | – | | |
| | (i) | | | नवाभूषण – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | (ii) | | | गगनचर – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | | | | | **4** |
| | – | 5 | – | | |
| | – | (क) | – | | |
| | | (i) | | वाद्य है जो यंत्र – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | | (ii) | | न्याय के लिए आलय – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक–विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | (ख) | – | | |
| | | (i) | | नतमस्तक – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | | (ii) | | परोपकार – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | | | | **4** |
| | – | – | 5 | | |
| | – | – | (क) | | |
| | | | (i) | अन्न और जल – द्वंद्व समास | ½ +½ =1 |
| | | | (ii) | समाचार का वाचन – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | – | – | (ख) | | |
| | | | (i) | गंगाजल – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | | (ii) | चंद्रमुख – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | | | | | **4** |
| 6 | 6 | – | – | | |
| | (i) | – | – | सावित्री सत्यवान की पत्नी थीं / थी। | 1 |
| | (ii) | – | – | प्रधानाचार्या ने छात्र को बुलाया। | 1 |
| | (iii) | – | – | वह परीक्षा में अनुत्तीर्ण / फेल हो गया। | 1 |
| | (iv) | – | – | मोहन सोया। | 1 |
| | | | | | **4** |
| | – | 6 | – | | |
| | – | (i) | – | आप कहाँ रहते हैं? | 1 |
| | – | (ii) | – | कुसंगति से कुविचार / बुरे–बुरे विचार मन में उठते हैं। | 1 |
| | – | (iii) | – | उसने कोई बात नहीं मानी। | 1 |
| | – | (iv) | – | अरे, तुमने ये क्या किया! | 1 |
| | | | | | **4** |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1/1, 4/1/2, 4/1/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक-विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | 6 | | |
| | – | – | (i) | मैंने बहुत कोशिश की। | 1 |
| | – | – | (ii) | वह अपनी बात कहता ही रहा। | 1 |
| | – | – | (iii) | आजकल ऐसे विद्यार्थी कम ही मिलते हैं। | 1 |
| | – | – | (iv) | मेरे पास केवल / मात्र दस रुपए हैं / मेरे पास दस रुपए मात्र हैं। | 1<br>**4** |
| 7 | 7 | 7 | 7 | (अर्थ स्पष्ट करने वाले वाक्यों पर पूरे अंक दिए जाएँ।) | 1+1=**2** |
| | | | | **खंड - 'ग'** | |
| 8 | 8 | 10 | 9 | | |
| | (क) | (क) | (क) | • पुलिस के प्रति जनता का अविश्वास एवं भय<br>• जनता के प्रति पुलिस की उपेक्षा एवं अन्यायपूर्ण व्यवहार | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • शुद्ध सोना बिना मिलावट के, लचीला एवं कीमती होता है।<br>• गिन्नी का सोना ताँबे की मिलावट से युक्त, मज़बूत, चमकदार और उपयोगी होता है। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • ख्यूक्रिन के चिल्लाने एवं कुत्ते के किकियाने का शोर सुनकर | 1<br>**5** |

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1/1, 4/1/2, 4/1/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक–विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 9 | 9 | 9 | 8 | • आसिफउद्दौला का पुत्र / सआदत अली का भतीजा / अवध का भूतपूर्व नवाब / एक जाँबाज़ सिपाही<br>विशेषताएँ (सोदाहरण)<br>• देशभक्त – अंग्रेज़ों से नफ़रत, उन्हें देश से बाहर निकालने का प्रयास<br>• जाँबाज़ – अंग्रेज़ी सेना का डटकर मुकाबला करना<br>• निडर – कर्नल के खेमे में अकेले घुसकर कारतूस हासिल करना<br>• नीतिकुशल – अफ़गानिस्तान के शासक (बादशाह) शाहेज़्मा के सहयोग से अंग्रेज़ों को भारत से भगाने की योजना बनाना<br>• स्वाभिमानी – वकील द्वारा अपमानित किए जाने पर उसको जान से मार देना<br>(किन्हीं दो विशेषताओं का सोदाहरण उल्लेख करने पर पूर्ण अंक दिए जाएँ, अन्य चरित्रगत उपयुक्त विशेषताएँ भी स्वीकार्य) | 1+2+2=**5** |
| 10 | 10 (क) | 8 (क) | 10 (क) | • स्वयं उन्नति करें तथा समाज की उन्नति में भी योगदान दें।<br>• इसी से समाज का कल्याण संभव है। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | **शाश्वत मूल्य** –<br>जिन पर काल और स्थान का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। जो सदैव एक समान रहते हैं, जैसे – सत्य, अहिंसा, दया, त्याग, परोपकार आदि।<br>**लाभ**<br>समाज उन्नति करता है। | 1+1=2 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक–विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | व्यवहारवादी (स्वार्थी) लोग | 1<br>5 |
| 11 | 11<br>(क) | –<br>– | –<br>– | • नीति, भक्ति, श्रृंगार, लोक–व्यवहार<br>• बिहारी सतसई<br>• ब्रजभाषा | 1+½+½=2 |
| | –<br>– | 11<br>(क) | –<br>– | • श्रीकृष्ण की बातों का आनंद पाने के लिए<br>• निकटता पाने के लिए | 1+1=2 |
| | –<br>– | –<br>– | 11<br>(क) | • मोर–साँप, हिरण–बाघ में<br>• भीषण गर्मी से व्याकुल होने के कारण | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • जो मृत्यु निस्वार्थ भाव से परोपकार करते हुए हो / ऐसी मृत्यु जिसके बाद भी सभी उस व्यक्ति को सदा याद करें।<br>• समाज की दृष्टि में सम्माननीय एवं प्रेरणादायी होती है। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • शहीदों के खून से रंगी धरती लाल वस्त्रों में सजी दुलहन के समान है जिसकी मर्यादा की रक्षा सैनिकों को करनी है। | 1<br>5 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक-विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 12 | 12 | 12 | 12 | • 'आत्मत्राण' का अर्थ है – स्वयं की रक्षा<br>• यहाँ कवि ईश्वर से सामर्थ्यवान बनने की कामना करता है। ईश्वर में सब कुछ संभव करने का सामर्थ्य है लेकिन कवि नहीं चाहता कि प्रभु उसकी रक्षा करे। कवि ईश्वर की कृपा से अपना संघर्ष स्वयं करना चाहता है।<br>• शीर्षक में संक्षिप्तता, आकर्षण के गुण और कविता के मूलभाव से संबद्धता है। | 2+3=**5** |
| 13 | 13 | 13 | 13 | • रौबदार व्यक्तित्व<br>• कठोर अनुशासनप्रिय<br>• स्वाभिमानी<br>• बाहर से कठोर किंतु कोमल हृदय आदि।<br>(उपर्युक्त बिंदुओं का समावेश करते हुए विद्यार्थियों के जीवन-मूल्य संबंधी मौलिक विचार भी स्वीकार्य) | 2+3=**5** |
| | | | | **खंड - 'घ'** | |
| 14 | 14 | 15 | 16 | अनुच्छेद-लेखन<br>• विचारों की मौलिकता<br>• प्रस्तुति<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>**5** |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1/1, 4/1/2, 4/1/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक-विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 15 | 15 | 14 | 15 | पत्र-लेखन<br>• प्रारूप<br>• विषयवस्तु<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>1<br>3<br>1<br>**5** |
| 16 | 16 | 16 | 14 | सूचना-लेखन<br>• प्रारूप एवं प्रस्तुति<br>• विचारों की मौलिकता<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>**5** |
| 17 | 17 | 17 | 17 | संवाद-लेखन<br>• प्रस्तुति<br>• विचारों की मौलिकता<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>**5** |
| 18 | 18 | 18 | 18 | विज्ञापन-लेखन<br>• प्रस्तुति<br>• विचारों की मौलिकता<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>**5** |